ंआकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 02.12.2024
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भुवनेश्वर में पुलिस और खुफिया एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ सुरक्षा पर विचार साझा किए।
- उत्तराखंड सरकार ने नंदा गौरा योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 31 दिसंबर किया।
- बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान के अधिकांश कार्यो को बर्फबारी से पहले पूरा करने का लक्ष्य।
- और...रुद्रप्रयाग जिले में मडुवे का विक्रय कर किसानों ने अड़तालीस लाख रुपये की आय अर्जित की।

.....................................................

समापन सत्र सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी, विशेषकर डीप फेक से उत्पन्न खतरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। भुवनेश्वर में उनसठवे अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पुलिस पर कार्य भार कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने पुलिस थानों को संसाधन आवंटन का केंद्र बिंदु बनाने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने सम्मेलन के दौरान पुलिस नेतृत्व से डिजिटल जालसाजी, साइबर अपराध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित संकटों से निपटने के लिए भारत के प्रौद्योगिकी क्षमता दोगुनी कर इस चुनौती को अवसर में बदलने की अपील की। शहरी पुलिस प्रबंधन में प्रभावित कदमों की सराहना करते हुए श्री मोदी ने सुझाव कि प्रत्येक पहल देश के सौ शहरों में समन्वित रूप से लागू की जाए। उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के मंत्र पर जोर दिया तथा पुलिस बल को और अधिक सतर्क, कौशल–संपन्न, विश्वसनीय और पारदर्शी बनने का आग्रह किया।

.....................................................

तिथि बढोतरी

उत्तराखंड सरकार ने नंदा गौरा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर रखी गई थी। इस संबंध में शासन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया ळें महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि आवेदन की तिथि बढ़ाने से उन पात्र छात्राओं को राहत मिलेगी, जो किसी वजह से

इसके लिए जरूरी प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त कर सकी हैं। नंदा गौरा योजना के तहत इंटर उत्तीर्ण करने के बाद छात्राओं को 51 हजार रुपये की धनराशि उच्च शिक्षा के लिए दी जाती है।

.....................................................

अक्षय पात्र निरीक्षण

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने सुदोवाला स्थित अक्षय पात्र रसोई का निरीक्षण कर, रसोई में खाना बनाए जाने की प्रक्रिया परखी। इस दौरान जिलाधिकारी ने रसोई के संचालकों को बच्चों के अनुकूल भोजन निर्माण करने को कहा। जिलाधिकारी ने अक्षय पात्र रसोई में खाना बनाये जाने की प्रक्रिया देखी और सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्कूलों में भेजे जाने वाले बर्तन साफ सुथरे हों। उन्होंने संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लास्टिक के सभी कंटेनर्स बदल दिए जाएं और उनके स्थान पर स्टील के कंटेनर्स को शामिल करें। गौरतलब है कि अक्षय पात्र रसोई से आसपास के क्षेत्र में लगभग 350 स्कूलों में बच्चों का खाना भेजा जाता है। अभिभावकों और शिक्षकों की ओर से खाना तीखा होने की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने अक्षय पात्र रसोई का निरीक्षण किया।

.....................................................

निरीक्षण

शीतकालीन प्रवास स्थलों पर यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने पांडुकेश्वर में योग बद्री मंदिर और कुबेर मंदिर में यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शीतकालीन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए समुचित व्यवस्थांए करने और शीतकालीन प्रवास स्थलों का व्यापक प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगों से शीतकालीन प्रवास स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के बारे में भी जानकारी ली।

.....................................................

सेना भर्ती चम्पावत

चम्पावत जिले के बनबसा आर्मी परिसर में सेना में धार्मिक शिक्षक की भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने के बाद दूसरे चरण में कल से अग्नि वीर भर्ती शुरू हो गई है। दूसरे चरण में छह दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा और अभिलेखों का सत्यापन होगा। अग्निवीर भर्ती के पहले दिन कल पिथौरागढ़ जिले के पिथौरागढ़, मुनस्यारी, बंगापानी, थल, तेजम, गंगोलीहाट, कनालीछीना और बेरीनाग तहसील के लगभग एक हजार पांच सौ युवाओं ने भाग लिया।

.....................................................

शिविर

रुड़की में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एन०सी०सी कैडेट्स को प्रभारी अग्निशमन टीम द्वारा सभी प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों की प्रयोग विधि और हैंडलिंग के बारे में विस्तार से बताया गया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की के मैदान में आयोजित शिविर में सेना के उच्च अधिकारियों के साथ करीब 300 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

.....................................................

निर्माण कार्यों में तेजी

बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने के बाद मास्टर प्लान के कार्यो ने रफ्तार पकड ली है। इस सीजन में बर्फबारी से पहले अधिकांश कार्यो को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बद्रीनाथ पहुंच कर मास्टर प्लान के तहत संचालित पुनर्निर्माण कार्यो और आगामी यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को संचालित कार्यो को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। तीर्थ पुरोहित आवास निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने पर्याप्त संख्या में श्रमिक लगाते हुए इसे दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। रिवरफ्रंट कार्यो के निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने पीआईयू और जल संस्थान को निर्देशित किया कि अगले यात्राकाल से पहले क्षतिग्रस्त सीवर लाइन को भी ठीक किया जाए।

.....................................................

मंडुवा विक्रय–रुद्रप्रयाग

विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले रुद्रप्रयाग जिले में मंडुवे की खेती काश्तकारों के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। इस वर्ष कृषि विभाग और सहकारिता समिति के माध्यम के तय लक्ष्य के सापेक्ष 94 फीसदी मंडुवे की खरीद की जा चुकी है, जिससे एक सौ नवासी काश्तकारों को 48 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई है। मिलेट योजना के तहत वर्ष 2023–24 के लिए रुद्रप्रयाग में बारह सौ क्विंटल मंडुवा खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मंडुवा खरीद के लिए सहकारिता विभाग की बारह समितियों के क्रय केंद्र खोले गए हैं, जहां पर काश्तकारों से बयालीस रुपए नब्बे पैसा प्रतिकिलो के हिसाब से मंडुवे की खरीद की जा रही है। मंडुवा की खरीद इकतीस दिसंबर तक की जानी है।

.....................................................

स्वच्छता

बागेश्वर को स्वच्छ बनाए रखने में ज़िले की महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खासतौर पर घर–घर से कूड़ा उठाने में सखी समूह की महिलाओं की भागीदारी, स्वच्छता के क्षेत्र में नया अध्याय लिख रही

है। इन्हीं प्रयास को देखते हुए नगरपालिका सभागार में रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सखी सहायता समूह की 48 महिलाओ और दो सुपर वाइजर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सखी समूह की महिलाओं के द्वारा काफी बेहतर काम किया जा रहा है। इसको देखते हुवे बागेश्वर की तरह ही सखी समूह का गठन गरुड़ और कपकोट में भी किया जाएगा, जिससे स्वच्छता की ओर एक कदम और बढ़ाया जा सके। गौरतलब है कि नगर पालिका की पहल पर सखी समूह की 18 महिलाओं ने शहर में वर्ष 2017–18 से अजैविक कूड़ा उठाने का काम शुरू किया था। स्वच्छता मिशन में जुड़ने के बाद आज 48 महिलाएं इस काम में जुटी हैं।

.....................................................

पब्लिक स्पीक

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग साप्ताहिक फोन–इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक में, आज रात साढ़े नौ बजे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान पर परिचर्चा प्रसारित करेगा। दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजेश सागर विषय से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रोता मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, आने वाली समस्याओं और इनके समाधान पर आमंत्रित विशेषज्ञ से प्रश्न पूछ सकते हैं। टेलीफोन नंबर 011 – 23421050 और 011 – 23314444 पर सवाल पूछे जा सकते हैं। इसके अलावा, व्हाट्सएप के माध्यम से 9289094044 पर प्रश्न भेजे जा सकते हैं या हैशटैग आस्क एआईआर के साथ एक्स पर पोस्ट किये जा सकते हैं।

.....................................................

देवयात्रा

रुद्रप्रयाग जिले में स्थित सिलगढ़ पट्टी के गांवों की आराध्य मां भगवती इंद्रासणी की देवयात्रा में ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। इंद्रासणी देवयात्रा दो माह तक चलेगी। इस दौरान यात्रा 60 से अधिक गांवों का भ्रमण करती है और भ्रमण के समय हर गांव में मेला आयोजित होता है। गांवों के भ्रमण के दौरान इंद्रासणी देवी को श्रद्धालु पीले वस्त्र, अक्षत व अन्य सामग्री की भेंट चढ़ाते हैं। 12 वर्ष के बाद हो रही मां इंद्रासणी की देवयात्रा को लेकर को लेकर गांवों में बड़े, बजुर्ग और ध्याणियों के साथ ही नई पीढ़ी के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आज इंद्रासणी देवी की देवयात्रा शिशों गांव में रात्रि प्रवास के बाद कल बंदरतोली गांव पहुंचेगी।

.....................................................

गिरफ्तारी

केदारनाथ यात्रा के लिए हिमाचल के यात्रियों से हवाई टिकट के नाम पर एक लाख बारह हजार की ठगी करने वाले एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

.....................................................